नेचर_चुटकुले

अंग्रेजी के प्रोफेसर से एक स्टूडेंट ने पूछा कि सर नटुरे का अर्थ क्या होगा? प्रोफेसर साहब हैरान! टालने के लिए कह दिया कि कल बता दूँगा। उन्होंने पूरी डिक्शनरी छान मारी, किन्तु उन्हें नटुरे शब्द नहीं मिला। अगले दिन स्टूडेंट ने फिर से पूछा कि सर नटुरे का मतलब क्या होता है? उस दिन भी उन्होंने बात टाल दी। अब तो वह रोज़ पूछने लगा। प्रोफेसर साहब उससे इतना घबराने लगे कि उस लड़के को देखते ही रास्ता बदल देते, किन्तु वह रोज़ आकर उनको टेंशन देकर चला जाता। अंत में झुँझला कर उन्होने उस लड़के से कहा कि मुझे नटुरे की स्पेलिंग बताओ। लड़के ने। कहा NATURE। अब तो प्रोफसर साहब का ख़ून खौल गया। उन्होंने उस लड़के से कहा कि मुझे बेवकूफ बनाते हो, नेचर को नटुरे कह कह कर तुमने मेरा जीना मुश्किल कर दिया था। मैं तुम्हें कालेज से निकलवा दूँगा। लड़के ने झट से प्रोफेसर साहब के पैर पकड़ लिये और रोते रोते कहा कि सर ऐसा अनर्थ मत कीजिएगा नहीं तो मेरा फुटुरे ख़राब हो जाएगा।